हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 मार्च 2026

04 जमीन विवाद के चलते पुत्र ने की पिता की फावड़े से ...



07 सफाई कर्मियों की समस्याओं का एसडीएम-सीएमओ...





## खबर संक्षेप

### बाइक रैली आज, पूर्व राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**विदिशा।** गुड़ी पड़वा, वर्ष प्रतिपदा एवं नवरात्रि के प्रथम दिवस गुरुवार को शाम 4 बजे रामलीला ग्राउंड से माधवगंज चौक तक जन चेतना मंच के तत्वावधान में बाइक रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। इससे पूर्व वे रामलीला मेला ग्राउंड में उद्बोधन देंगे। रैली में संस्थापक पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई, संयोजक डॉ. श्याम सिंह गुर्जर एवं महामंत्री नर नारायण शर्मा सहित नागरिक शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी धर्मानुयायियों से सहभागिता की अपील की है।

### महर्षि गौतम जयंती आज मंदिर में होगा आयोजन

**विदिशा।** न्याय शास्त्रों के प्रणेता महर्षि गौतम की जयंती गुरुवार दोपहर 3 बजे माधवगंज स्थित अग्रवाल ट्रस्ट के पास राधा बल्लभ बिहारी मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। जिला गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा के अनुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से होगी, इसके बाद सामाजिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। अंत में महाआरती और प्रसादी वितरण होगा।

### स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित



**गुलाबगंज।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला अड़िया कला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आईडीबीआई बैंक द्वारा स्कूल को वाटर कूलर एवं अलमारी प्रदान किए जाने पर संस्था प्रधान राजेश कुमार रजक ने बैंक मैनेजर, सहायक प्रबंधक, डॉ. इंदु दांगी, शिक्षा विभाग से बीएसी प्रताप सिंह कुशवाह एवं सीएसी सुरेंद्र मेटोलिया का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षक राजेश परिहार, जितेंद्र दांगी, माधव महावार और मुकेश पाण्डेय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### सतना में कबड्डी का महाकुंभ, ज्योति ठाकुर टेक्निकल ऑफिशियल

**विदिशा।** 19 से 22 मार्च तक सतना में आयोजित होने वाले 5वें सीनियर कबड्डी फेडरेशन कप (महिला एवं पुरुष) की तैयारियां जोरों पर हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपना कौशल दिखाएंगे। विदिशा के लिए गर्व की बात है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग में पदस्थ जिला कबड्डी प्रशिक्षक ज्योति ठाकुर का चयन टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत सहित पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव और अन्य कोचों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



### ग्राम विकास समितियों को क्षमता प्रशिक्षण दिया

**अहमदपुर।** पंचायत भवन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच शिवचरण शर्मा एवं मुख्य वक्ता ब्लॉक समन्वयक दीपक बाथम रहे। प्रथम सत्र में स्वच्छता व ग्राम विकास पर मार्गदर्शन दिया गया। द्वितीय सत्र में लखन सिंह कुशवाहा ने दस्तावेजीकरण की जानकारी दी। तृतीय सत्र में प्रदीप श्रीवास्तव ने नेतृत्व विकास पर चर्चा की। नीलम अहिरवार ने पाठ्यक्रम की जानकारी साझा की। अंत में प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

---

## चैत्र नवरात्र आज से प्रारंभ: इस बार तीन शुभ योगों का विशेष संयोग
## डोली पर होगा मां भगवती का आगमन, हाथी पर बैठकर होगा प्रस्थान

**साधना, उपासना और सिद्धि प्राप्ति का पर्व**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शक्ति की उपासना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ होकर 27 मार्च (रामनवमी) तक मनाया जाएगा।

इस बार नवरात्रि की शुरुआत कई विशेष शुभ योगों के साथ हो रही है, जिससे इसका धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार इस वर्ष अमावस्या युक्त प्रतिपदा तिथि का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

श्रद्धालु अपने घरों में घटस्थापना कर अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे तथा ज्वारे बोकर श्री दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा, दुर्गा कवच, सिद्ध कुंजिका स्तोत्र, श्रीसूक्त और रात्रि सूक्त का पाठ करेंगे। यह पर्व साधना, उपासना और सिद्धि प्राप्ति के लिए विशेष फलदायी माना जाता है।

### हाथी पर प्रस्थान अत्यंत शुभ माना जाता



ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा का आगमन डोली (पालकी) पर होगा, जो आर्थिक मंदी, बीमारियों या प्राकृतिक आपदाओं के संकेत के रूप में देखा जाता है। वहीं 27 मार्च को माता का प्रस्थान हाथी पर होगा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। यह संकेत कृषि वृद्धि, वर्षा और समृद्धि का द्योतक है।

### तीन शुभ योग

इस बार नवरात्रि की शुरुआत शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रही है। साथ ही उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है। ये सभी योग शुभ कार्यों के लिए अत्यंत लाभकारी माने जाते हैं। पंडित शास्त्री के अनुसार इन योगों में मां भगवती की पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### नवदुर्गा की माता की आराधना का महत्व



नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों—महाकाली, महालक्ष्मी और मां सरस्वती सहित नवदुर्गा की आराधना की जाती है। इस दौरान व्रत, जप और तप करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। चैत्र नवरात्रि के साथ ही विक्रम संवत 2083 का आरंभ भी होगा, जिसे रौद्र संवत्सर कहा जाएगा। इस वर्ष के राजा गुरु और मंत्री मंगल होंगे, जो उन्नति और स्थिरता का संकेत देते हैं। नवरात्रि के समापन पर कन्या पूजन, भंडारे और विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। भक्तजन व्रत पूर्ण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### घटस्थापना के शुभ मुहूर्त

19 मार्च को घटस्थापना के लिए प्रातः 9:25 से 11:23 (वृषभ लग्न), दोपहर 3:53 से 6:05 (सिंह लग्न) तथा रात्रि 10:31 से 12:47 (वृश्चिक लग्न) तक शुभ समय रहेगा। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:05 से 12:53 तक रहेगा। इन समयों में घट स्थापना करने से सुख-समृद्धि और धन-धान्य की प्राप्ति होती है।

---

### निर्णयों का पालन नहीं करने से कर्मचारियों में गहरा असंतोष

## सहकारी समिति कर्मचारियों ने दिया 25 मार्च तक का अल्टीमेटम, मांगें पूरी न होने पर 1 अप्रैल से काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नाराजगी जताई है। कर्मचारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 25 मार्च तक सभी मांगों के निराकरण की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समय सीमा में समाधान नहीं होने पर 1 अप्रैल से जिलेभर में धरना-प्रदर्शन और काम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

कर्मचारियों ने बताया कि उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर 22 सितंबर को विभागीय अधिकारियों और महासंघ पदाधिकारियों की बैठक में सहमति बनी थी। हालांकि इन निर्णयों का अब तक पालन नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष है।



**विदिशा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे सहकारी समितियों के पदाधिकारी।

### आंदोलन की चेतावनी दी

कर्मचारी नेता मोहर सिंह मीणा ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं और अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। वहीं कर्मचारी महेंद्र दुबे ने स्पष्ट किया कि यदि 25 मार्च तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और काम बंद आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह आंदोलन प्रदेशभर की 4523 पैक्स समितियों और 22 हजार 500 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से संचालित सरकारी योजनाओं को प्रभावित कर सकता है। इनमें ऋण वितरण, कर्ज वसूली, उपार्जन, खाद-बीज वितरण, राशन वितरण और ऑनलाइन ईआरपी कार्य शामिल हैं। यदि कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं, तो इन सेवाओं पर व्यापक असर पड़ेगा, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सहायक प्रबंधकों को 60 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति देने की मांग।**

### कर्मचारियों की यह हैं प्रमुख मांगें

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में अक्टूबर 2023 से बढ़ा हुआ वेतन देने और हर माह नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा, विक्रेताओं को 18 माह का लगभग 54 हजार रुपए प्रति विक्रेता लंबित भुगतान तत्काल जारी करने की मांग भी उठाई गई है। साथ ही सहायक प्रबंधकों को 60 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति देने, लंबित चयन प्रक्रिया को पूरा करने और कनिष्ठ विक्रेताओं की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें पूर्ण विक्रेता घोषित करने की मांग की गई है।

---

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

## टैंकर से पानी छिड़ककर जताया विरोध, सड़कों की बदहाली और बढ़ती धूल पर सवाल उठाए



**विदिशा।** खराब सड़कों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में बढ़ती धूल और जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया।

प्रदेश सचिव यश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धूल हटाओ विदिशा बचाओ अभियान चलाते हुए नीमताल से शहर के प्रमुख मार्गों पर पानी के टैंकर से छिड़काव किया। इस दौरान कार्यकर्ता मास्क पहनकर सड़कों पर उतरे और प्रशासन का ध्यान शहर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता की ओर आकर्षित किया। उनका कहना था कि धूल के कारण आम नागरिकों को सांस लेने में परेशानी हो रही है और स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। यश शर्मा ने बताया कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रमुख मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव और सड़क सुधार कार्य जल्द शुरू किया जाए। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जनआंदोलन किया जाएगा।

---

## हथियारबंद चोरों ने जनपद सदस्य के घर के बाहर से ट्रैक्टर व भूसा मशीन उड़ाई

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है, जहां जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर और भूसा मशीन को अज्ञात चोर मध्य रात्रि करीब 2 बजे चुरा ले गए।

घटना तहसील मुख्यालय के सामने मेन रोड स्थित उनके निवास की है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पीड़ित के अनुसार चोरी गए ट्रैक्टर और भूसा मशीन की कीमत करीब 15 लाख रुपए है। चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे, उनके चेहरे कपड़े से ढके हुए थे और उनके पास हथियार भी थे। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें चोर संदिग्ध पिस्टल जैसी वस्तु लिए दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी में बांटी जा रही पोषण सामग्री पर उठे सवाल, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

- पोषण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब बताई जा रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर ब्लॉक के हैदरगढ़ गांवों में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित हो रही पोषण सामग्री को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस गंभीर मामले को लेकर ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) ग्यारसपुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन के माध्यम से वितरित की जा रही पोषण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब है और कई स्थानों पर यह खाने योग्य भी नहीं पाई गई। स्थिति इतनी खराब है कि बच्चों और अभिभावकों ने सामग्री लेने से इनकार कर दिया, वहीं कुछ जगहों पर इसे वापस भी करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश और अविश्वास की स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जांच पूरी होने तक पोषण सामग्री के वितरण पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### केंद्रीय दल ने सुनी लखपति दीदी की सफलता गाथा

**ग्यारसपुर।** आजीविका मिशन भवन में भारत सरकार के केंद्रीय दल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनकी आत्मनिर्भरता की कहानी जानी। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा तिलक एवं पुष्प वर्षा से अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। महिलाओं ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर वे आर्थिक रूप से सशक्त बनी हैं और अब अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रही हैं। भाग्योदय महिला किसान प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण के दौरान पूजा प्रजापति, मोहर बाई और गीता शिल्पकार ने अपने संघर्ष और लखपति दीदी बनने की प्रेरक यात्रा साझा की।

### 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपेंगे

**ग्यारसपुर।** निस्वार्थ गौ सेवा समिति की गौशाला में गौ भक्तों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी गौ सेवा सम्मान आह्वान अभियान की रणनीति पर चर्चा की गई। अभियान की शुरुआत 27 अप्रैल 2026 से होगी। इसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गौ वध पर पूर्ण प्रतिबंध, बूचड़खानों पर रोक तथा गौ संरक्षण हेतु कड़े कानून बनाने की मांग उठाई गई। निर्णय लिया गया कि तहसील स्तर पर बड़ी संख्या में गौ सेवक एकत्रित होकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपेंगे।

## मां बेतवा नदी के सौंदर्य से रूबरू हुए अधिकारी, कलेक्टर ने बताए नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- जिले में जल संवर्धन, जल प्रबंधन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावी पहलें की जा रही हैं।

नेशनल डिफेंस कॉलेज के 16 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने जिले के भ्रमण कार्यक्रम के तहत बेतवा नदी स्थित जंगल रिसोर्ट का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर अंशुल गुप्ता भी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बेतवा नदी के विहंगम प्राकृतिक दृश्य का अवलोकन किया और नौका विहार का आनंद लेते हुए क्षेत्र की सुंदरता और पर्यावरणीय महत्व को करीब से महसूस किया। नदी के शांत वातावरण और हरियाली से भरपूर जंगल क्षेत्र ने सभी को आकर्षित किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को जिले में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों और विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन, जल प्रबंधन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावी पहलें की जा रही हैं। अधिकारियों ने इन नवाचारों में रुचि दिखाई और जिले में हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकते हैं। यह भ्रमण न केवल प्राकृतिक सौंदर्य के अनुभव का अवसर बना, बल्कि प्रशासनिक नवाचारों और विकास मॉडल को समझने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

### अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए, अनुपस्थितों पर कार्रवाई होगी

## निरीक्षण में कई कर्मचारी नदारद मिले थे

**अनुपस्थित कर्मचारियों, अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिले में शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली सुधारने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई विभागों में अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित जिला खेल कार्यालय में जिला खेल अधिकारी सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। वहीं कुछ ही कर्मचारी उपस्थित पाए गए। इसी प्रकार जिला शिक्षा केंद्र, जन अभियान परिषद, ग्राम एवं नगर निवेश, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक तथा मत्स्य विभाग में भी कई अधिकारी-कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए।

अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और कार्यप्रणाली में सुधार लाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 19 दिन गुजरे, शिक्षकों को वेतन नहीं मिला

**विदिशा।** मध्यप्रदेश में विदिशा सहित कई जिलों के हजारों शिक्षकों को फरवरी का वेतन अब तक नहीं मिल पाया है। बजट के अभाव में भुगतान अटका हुआ है, जिससे शिक्षकों पर आर्थिक संकट गहराने लगा है। मार्च माह के 19 दिन गुजर चुके हैं। लेकिन वेतन का अतापता नहीं हैं। जबकि संकुलों को वेतन संबंधी सभी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। 31 मार्च तक आयकर जमा करने की बाध्यता के चलते उन्हें चालान से कर जमा करना पड़ सकता है। वेतन नहीं मिलने से लोन की किस्त, बच्चों की फीस, किराना, दवाइयों सहित रोजमर्रा के खर्च प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षकों ने वित्त विभाग से शीघ्र बजट आवंटित कर वेतन भुगतान करने की मांग की है, ताकि नई वित्तीय वर्ष से पहले समस्या का समाधान हो सके।

## सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस, जांच रिपोर्ट अभी लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन

जनपद पंचायत नटेरन में शासकीय कार्यों में लापरवाही का मामला सामने आया है।

जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सहायक यंत्री राघवेंद्र अष्टपुत्रे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर कड़ी नाराजगी जताई है। आरोप है कि उन्हें सौंपे गए महत्वपूर्ण मामलों की जांच रिपोर्ट निर्धारित समय के बाद भी प्रस्तुत नहीं की गई।

जारी पत्र के अनुसार सहायक यंत्री को पांच अहम मामलों में रिपोर्ट देनी थी, जिनमें ग्राम पंचायत बमोरी में सचिव रईस खाँ के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच, पंचायत भवन निर्माण से जुड़े उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरण 'कंटेंप्ट 306/2026' में जवाब हेतु रिपोर्ट, ग्राम पंचायत सिलवाय खजूरी में निर्माण कार्यों की अनियमितताओं की जांच, ग्राम पंचायत रायखेड़ी में सड़क निर्माण तथा नटेरन के काका मोहल्ला में नाली निर्माण की आवश्यकता संबंधी रिपोर्ट शामिल हैं।

सीईओ ने स्पष्ट किया है कि रिपोर्ट लंबित रहने से शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं और न्यायालय में समय पर जवाब नहीं दिया जा पा रहा है। सहायक यंत्री से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5511
सरसों
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7200
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5434
मसूर
न्यूनतम भाव-5401
उच्चतम भाव-7260
शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3780
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-2830
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2093
उच्चतम भाव-2250
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3383
तुअर
न्यूनतम भाव-7200
उच्चतम भाव-7230
धनिया
न्यूनतम भाव-8900
उच्चतम भाव-9410
धान
न्यूनतम भाव-2465
उच्चतम भाव-4040
बटरी
न्यूनतम भाव-3275
उच्चतम भाव-4605
मक्का
न्यूनतम भाव-1372
उच्चतम भाव-1765
उड़द
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6300
मटर
न्यूनतम भाव-4150
उच्चतम भाव-4200

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 38090 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में पूर्व छात्रा प्राची चौहान का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संघ लोक सेवा आयोग 2025 की परीक्षा में 260 वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन करने वाली पूर्व छात्रा प्राची चौहान के सम्मान में सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति ने माँ सरस्वती कि प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्राची चौहान, उनके पिता चंद्रभान सिंह चौहान एवं उनके परिजनों का पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्राचार्य ने प्राची की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।




कार्यक्रम का संचालन अनुराग जैन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्राची चौहान ने उपस्थित छात्राओं के साथ अपनी सफलता के सूत्र साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि UPSC का सफर चुनौतीपूर्ण और कठिन है, लेकिन इस परीक्षा को पास करने के लिए आपका 'क्यों' स्पष्ट होना चाहिए। यदि आपके पास प्रशासनिक सेवा में जाने का ठोस कारण है, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में अन्य विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस सम्मान समारोह कार्यक्रम की प्रभारी व्यक्ता अहिरवार सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी रहीं। यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और अधिक से अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा।

## नगरपालिका अध्यक्ष ने छात्राओं को दिखाई निःशुल्क केरला स्टोरी 2



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा स्थानीय मुस्कान टॉकीज में शहर की स्कूली छात्राओं और महिला मंडल की सदस्यों को फिल्म केरला स्टोरी 2 दिखाई गई। जिसमें बच्चों को खासतौर से बच्चियों के प्रति फिल्म दिखाने का उनका मूल उद्देश्य रहा है। इस दौरान लगभग 200 से अधिक स्कूली छात्राएं एवं अन्य छात्राओं को फिल्म दिखाकर उन्हें मार्ग दर्शन दिया गया। फिल्म केरल स्टोरी 2 में कुछ खास बातें हैं और बेहद खूबसूरत तरीके से फिल्मांकन किया गया है, जिसमें धर्म और धर्म से बाहर शादी करने के बाद लडकियां शोषणकारी साज़िश का शिकार हो जाती हैं। फिल्म की स्टोरी में खास बात यह है कि फिल्म में सही और गलत की पहचान और सतर्क रहने की सीख शिक्षा और जन जागरूकता का महत्व परिवार और संस्कार की अहमियत को बखूबी फिल्माया गया है। साथ ही बताया गया है कि लडकियां इन सारी चीजों से प्रेरित होकर कहीं गलत दिशा में ना चली जाएं इसी को लेकर नपा अध्यक्ष ने अपने ही खर्च पर फिल्म दिखाई है।

### त्योंदा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया, आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू

# जमीन विवाद के चलते पुत्र ने की पिता की फावड़े से हमला कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रीछई में बुधवार को दोपहर के समय जमीन विवाद को लेकर एक कलयुगी बेटे ने अपने पिता की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने शव बरामद कर प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ग्राम रीछई निवासी 70 वर्षीय दीवान सिंह मैना की उनके ही बेटे कृपाराम उम्र 43 वर्ष ने हत्या की है। ग्रामीणों ने बताया कि दीवान सिंह के पास पहले थोड़ी जमीन थी, जिसे उन्होंने काफी समय पहले बेच दिया था। इसी बात को लेकर पिता पुत्र के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। पुत्र कृपाराम का कहना था कि बेची गई जमीन में उसका भी हिस्सा था और वह जमीन उसे मिलनी चाहिए। बुधवार को यह विवाद इतना बढ़ गया कि कृपाराम ने अपने पिता दीवान सिंह पर फावड़े से हमला कर दिया। बताया गया कि बेटे ने फावड़े से पिता की गर्दन पर दो से तीन घातक वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल दीवान सिंह को तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल त्योंदा में भर्ती कराया। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, दीवान सिंह बुजुर्ग थे और घर पर ही रहते थे, जबकि बेटा कृपाराम आंशिक रूप से विकलांग है और एक आटा चक्की एवं दुकान चलाता है। जबकि उसका एक भाई और है जो जेल में बंद है।






घटना उस समय हुई जब पिता घर के सामने बनी आटा चक्की के पास से गुजर रहे थे। बेटे ने दोबारा जमीन के विवाद को लेकर बहस शुरू कर दी और इसी दौरान दुकान के पास रखे फावड़े को उठाकर उनकी गर्दन पर जोरदार वार कर दिए। जिससे वृद्ध की मौत हो गई। त्योंदा थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## भगवान के चरणों में सब कुछ समर्पण करें:कृष्णा मां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा रजत जयंती समारोह के तहत कृष्णा मां की रसमयी वाणी से सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का आयोजन किया गया है। कृष्णा मां ने अनेक कथाओं और कहानियों से समझाते हुए कहा कि महाभारत युद्ध के दौरान जब कर्ण अपना शरीर छोड़ने लगा तब यमराज उन्हें लेने आए। इस समय भगवान सूर्य और इंद्रदेव ने कहा कि कर्ण यमराज के साथ नहीं जाएंगे। क्योंकि कर्ण महान दानवीर पुरुष हैं।

भगवान सूर्य और इंद्र के कहने पर उन्हें स्वर्ग ले जाया गया। वहां उन्हें सब कुछ मिला सोना, चांदी, हीरे, जावरात, मोती, दिए गए। पर उन्हें बहुत दिनों तक भोजन नहीं दिया गया। तब बताया गया कि आपने जो दान पुण्य किया है वही आपको मिल रहा है। यह सुनने के बाद कर्ण ने भगवान से प्रार्थना कर कहा कि मैं पुनः मृत्यु लोक में जाना चाहता हूं। तब जाकर कर्ण को 14 दिन के लिए मृत्यु लोक भेजा गया। जिन्हें हम सभी श्राद्धों के दिनों से जानते हैं। कर्ण ने मृत्यु लोक में आकर 14 दिन दिनों तक ब्राह्मणों को भोजन कराया और 16 दिनों के बाद स्वर्ग में चले गए।

खाने का मतलब यह है कि हम सभी को भी सब कुछ भगवान के चरणों में समर्पण कर देना चाहिए। आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव की कलश यात्रा एवं द्वितीय दिवस के मुख्य यजवान चंदा संतोष सिंह रघुवंशी लमनया परिवार रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने कथा स्थल पर पहुंच कर धर्मलाभ लिया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित 23 वां मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चित्रकूट में 8 से 14 मार्च तक किया गया। इस शिविर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के स्वयंसेवक प्रशांत साहू ने उत्कृष्ट सहभागिता करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। शिविर से लौटने के पश्चात प्रशांत साहू ने विद्यालय पहुंचकर प्राचार्य एमसी शर्मा ,कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा, भारती पंथी, प्रदीप चौरसिया, अनिल दुबे ,प्रशांत श्रीवास्तव एवं अन्य गुरुजनों से सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियां जैसे बौद्धिक सत्र, श्रमदान सांस्कृतिक कार्यक्रम,श्रमदान एवं नेतृत्व विकास से जुड़े अनुभवों को साझा किया। विद्यालय परिवार द्वारा प्रशांत साहू को शिविर में उत्कृष्ट सहभागीता एवं सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप

### चंद्रभान सिंह राजपूत का निधन



**गंजबासौदा।** पत्रकार देवेंद्र सिंह राजपूत एवं सुरेंद्र सिंह के बड़े भाई, नितेंद्र प्रताप सिंह राजपूत के पिता चंद्रभान सिंह राजपूत रिटायर्ड एएसआई का बुधवार को निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को उनके निवास से पाराशरी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। नागरिकों ने चंद्रभान सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## धूमधाम से मनाया मां हिंगलाज प्रकट उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मां हिंगलाज प्रकट उत्सव को क्षत्रिय भावसार समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विशाल शोभा यात्रा जय स्तंभ से प्रारंभ होकर सावरकर चौक स्थित श्री धनुषधारी मंदिर तक निकाली गई। शोभा यात्रा में एक कन्या मां हिंगलाज के रूप में रथ पर सवार थी। इसके साथ ही नर्मदापुरम से आई प्रसिद्ध भजन गायिका पदमा साहू वह अन्य कलाकारों ने भजनों से समा बांधे रखा। एक रथ पर समाज की कुलदेवी माँ हिंगलाज के बलुचिस्तान स्थित शक्तिपीठ के स्वरुप को रखा गया। जिसकी जगह जगह पूजन कर आरती उतारी गई। यात्रा के पश्चात श्री धनुषधारी मंदिर सावरकर चौक पर हवन पूजन तथा पूर्णाहुति संपन्न हुई। तत्पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

**गंजबासौदा।** बुधवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर यातायात निरीक्षक निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन सवारी बैठाए, बगैर नंबर प्लेट, टूटी नंबर प्लेट पाए जाने पर अनेक दो पहिया वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा अचानक की गई कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई चालक पकड़े जाने के डर से गलियों से वाहन ले जाते नजर आए।

### न्यायाधीश ने कारावास के साथ 16 हजार के अर्थदंड से किया दंडित

# नाबालिग से बलात्संग के आरोपी को 20 वर्ष की सजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

न्यायालय राकेश कुमार ठाकुर, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो न्यायालय बासौदा ने अपने निर्णय में आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा और 16000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया ने बताया कि दिनांक 11 मार्च 2024 को पीड़िता अभियोक्त्री की मां द्वारा पुलिस थाना में उपस्थित होकर सूचना दी गई कि दिनांक 10 मार्च 2024 को परिवार के सभी लोग खाना खाने के बाद लगभग 10 बजे सो गए थे। दिनांक 11 मार्च 2024 को सुबह 7:30 बजे सोकर उठे तो देखा कि उनकी 14 साल 5 माह की नाबालिग पुत्री घर पर नहीं थी। जिसकी जानकारी पति को दी गई। फिर अभियोक्त्री को आसपास व परिवार में तलाश किया परंतु उसका कुछ पता नहीं चला। फरियादी ने अज्ञात पर शंका जाहिर की थी कि वह उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है।

फरियादी की सूचना पर शहर थाना में धारा 363 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियोक्त्री के दस्तयाब होने के बाद उसके धारा 164 दप्रसं के कथन संबंधित न्यायालय में हुए थे तथा अभियोक्त्री अपने साथ हुई घटना के संबंध में परिजन को बताया था। अभियोक्त्री के चिकित्सीय परीक्षण उपरांत व अनुसंधान उपरांत प्रकरण को बासौदा शहर पुलिस द्वारा न्यायालय पेश किया गया था। प्रकरण में अनुसंधान, विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी संजीव चौकसे एवं राधेश्याम यादव के द्वारा की गई थी। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए। उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 366 भादंवि में 5 वर्ष की सजा, 344 भादंवि 1 वर्ष की सजा एवं 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष की सजा एवं 16000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया तथा पीडिता को प्रतिकर की राशि दिए जाने के संबंध में न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया।

### पंचतत्व समिति का वार्षिक कार्यक्रम आज




**गंजबासौदा।** पंचतत्व संरक्षण समिति के वार्षिक कार्यक्रम अंतर्गत गुड़ी पड़वा पर्व से पक्षी चेतना अभियान के अंतर्गत पक्षियों के लिये निःशुल्क जलपात्र व पक्षी निवास एवं गौमाता के लिए पानी की हौदियों की व्यवस्था की जाती है। समिति प्रतिवर्ष भारतीय नव संवत्सर गुड़ी पड़वां को इसी तरह से मनाती है। समिति प्रतिवर्ष नागरिकों से एक मुट्ठी दाना और एक कुंडा पानी की व्यवस्था करने का आग्रह करती है। इस वर्ष कार्यक्रम की शुरुआत नौलखी धाम के महंत राममनोहर दास के द्वारा गुरुवार को सुबह 9.30 बजे नौलखी घाट बेतवा तट पर की जा रही है। समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## पेंशनरों के संभागीय सम्मेलन का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नौलखी रोड स्थित एक फार्म हाउस पर ऑल इंडिया प्रगतिशील पेंशनर वेलफैयर ऐसोशिएसन के तत्वावधान में पेंशनरों का संभागीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसमें भोपाल, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, विदिशा, रायसेन के प्रतिनिधि एकत्र हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया। पेन्शनर अपने किसी साथी की मृत्यु होने पर शासन से एक लाख पच्चीस हजार अनुग्रहीत राशि, अपने बेरोजगार बच्चों के लिए पीले राशन कार्ड तथा शासकीय कर्मचारी के समान मंहगाई भत्ते की मांग कर रहें हैं एवं पेन्शनरों की ओर से संगठन के प्रांत अध्यक्ष सुधीर दुबे ने शासन के प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा।

कार्यकम के मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने पेन्शनरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे पेन्शनरों की हर समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा साथ रहे हैं एवं साथ रहेंगे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने पेन्शनरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह उनकी समस्याओं को उचित मंच पर हर संभव तरीके से उठाने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर संगठन के मंत्री अभय कुमार जैन, राजा भैया गुर्जर, केएस गंगवार, एएस वंशकार, वसंत गिरि गोस्वामी, एमएस सिकरवार, जगदीप सिंह राजपूत, रविशंकर लोहिया ने सम्मेलन को संबोधित किया। संगठन के प्रान्ताध्यक्ष सुधीर दुबे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे संगठन के प्रतिनिधियों एवं शासन के पदाधिकारियों के बीच मध्यस्थता कर चर्चा करायें ताकि पेन्शनरों को अपनी समस्याओं का निराकरण हेतु आंदोलन न करना पड़े।



## बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया

# सफाई कर्मियों की समस्याओं का एसडीएम-सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज






अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एसडीएम हरि शंकर विश्वकर्मा एवं नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत के नेतृत्व में दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ज्ञापन में कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए आवास कॉलोनी निर्माण,समय पर वेतन भुगतान 1 से 5 तारीख के बीच, पिछले दो वर्षों से लंबित एरियर राशि का शीघ्र भुगतान, आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को सरल बनाने, ईपीएफ राशि नियमित जमा करने एवं महर्षि वाल्मीकि भवन निर्माण जैसी महत्वपूर्ण मांगें प्रमुख रूप से शामिल की गईं। सफाई कर्मचारियो की बैठक आयोजित - इस अवसर पर नेतृत्वकर्ता सुभाष बोहत एडवोकेट ने बताया कि लगातार उपेक्षा के कारण सफाई कर्मचारियों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है, जिससे उनके परिवारों के सामने जीवन यापन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन से इन मांगों पर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की। जिसमें सफाई कर्मचारियों की बैठक आयोजित, समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा। ज्ञापन सौंपने के पश्चात अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस द्वारा सफाई कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने वेतन में देरी, एरियर भुगतान, आवास की समस्या, उपस्थिति दर्ज कराने में आ रही कठिनाइयों एवं भविष्य निधि (ईपीएफ) से जुड़ी अनियमितताओं को लेकर अपनी-अपनी समस्याएं संगठन के समक्ष रखीं। प्रतिनिधि मंडल ने समाज की बस्तियों का भी जायजा लिया संगठन लोकतांत्रिक तरीके से करेगा आंदोलन - इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि इन सभी मुद्दों के निराकरण के लिए प्रशासन से लगातार संवाद एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल मैना,संतोष सांवरिया,रमेश पथरौल,विष्णू मारोठिया,अमित बोहत एडवोकेट,सुभाषिनी बोहत एडवोकेट,आशा बोहत,वसुंधरा चंदेलिया,अनिल घूंघट, कमल खरे, शरद सहेले, नीरज करोसिया, राजकुमार घूंघट, पूर्व पार्षद प्रदीप खरे, कन्हैया लाल, किरण बाल, राजू पेट्रोल, रामबाबू भगवानिया, दिलजीत सहेली सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## महामाई मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, लक्ष्मीकांत शर्मा की यादें आज भी जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




महामाई मंदिर परिसर इन दिनों भक्ति और संस्कृति के अनूठे संगम का केंद्र बना हुआ है। मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम चारों ओर फैली हुई है और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस आयोजन में चार चाँद लगा रही है। इस मेले को भव्य और दिव्य स्वरूप देने वाले महामाई के परम भक्त एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की यादें आज भी यहाँ की हर गतिविधि में जीवंत नजर आती हैं।

बीते दिन आयोजित व्यवस्था बैठक में मेले की तैयारियों पर चर्चा के साथ ही सभी वक्ताओं ने भाव-विभोर होकर उन्हें याद किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि लक्ष्मीकांत जी का समर्पण और महामाई के प्रति उनकी अटूट आस्था आज भी हमारे बीच किसी न किसी रूप में महसूस होती है। मंगलवार को दीक्षा भारती और जितेन्द्र यादव ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मन मोहा और उनकी जमकर सराहना हुई। बुधवार की रात का मुख्य आकर्षण बनीं प्रसिद्ध लोक गायिका कविता शर्मा, जिन्होंने अपने मधुर और भावपूर्ण बुंदेली गीतों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनकी आवाज में ऐसी मिठास और लोक संस्कृति की झलक थी कि हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कविता शर्मा ने पारंपरिक बुंदेली गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी, जिसने श्रोताओं को क्षेत्रीय संस्कृति और आस्था से जोड़ दिया। उनके हर गीत पर श्रद्धालु झूम उठे और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंजता रहा। उनकी प्रस्तुति मेले के प्रमुख आकर्षणों में से एक रही, आज से शुरू होगा दुर्गा शतचंडी महायज्ञ - नवसंवत्सर एवं वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर आज प्रातःकाल भगवान सूर्य को अर्घ्यदान एवं पूजन किया जाएगा। साथ ही महामाई मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नालिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी दुर्गा शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। जिसमे समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएँ और महायज्ञ में सहभागी बनें।

## समाजसेवी व पत्रकार जुनैद के पिता जनाब हाजी अब्दुल रऊफ खान का आकस्मिक निधन

**सिरोंज।** वरिष्ठ अधिवक्ता,वरिष्ठ समाजसेवी व पत्रकार जुनैद खान के पिता जनाब हाजी अब्दुल रऊफ खान मास्टर जी का



आकस्मिक निधन हो गया। इस अवसर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने जनाब हाजी अब्दुल रऊफ खान मास्टर जी को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वही उन्होने कहा कि जनाब हाजी अब्दुल रऊफ खान नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद रहें है। साथ ही उन्होने हमेशा सामाजिक कार्यो में बड-चढकर हिस्सा लेकर शहर तके अपनी एक अलग पहचान बनाई थी।

## किसान, व्यापारी, तुलावट और हम्मालों की एसडीएम ने ली बैठक

# फड की राशि से किसान पूर्ण रूप से होंगे मुक्त, एसडीएम के प्रयासों की सराहना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कृषि उपज मण्डी की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम हरि शंकर विश्वकर्मा ने एक बैठक ली। जिसमें मण्डी व्यापारी,किसान,तुलावट व हम्माल आदि शामिल हुए। इस बैठक का विशेष मुध्धा यह था कि तुलावट व हम्मालो की मांग थी कि उनकी हम्माली की दरे बडाई जाए।

इसको लेकर व्यापारी व किसान सहमत नही थे। इसी के साथ काफी लंबे समय से फड पर किसान से जो वसूली की जाती थी जिसको सर्वसहमति से अप्रैल से बंद किया जाएगा। वही इस ऐतिहासिक फैसले का सभी ने स्वागत किया। बैठक में सभी पक्षों ने अपनी-अपनी बात मजबूती से रखी और आपसी समन्वय एवं सहमति के माध्यम से समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए। किसान संघ, किसान कांग्रेस, और कृषि एवं ग्रामीण मज़दूर संघ की मांग पर एक अप्रैल से फड़ की राशि से किसानों को पूर्ण रूप से मुक्त किया गया।

## पांच अधिकारी कर्मचारी करेंगे राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सहभागिता

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवंवाणिज्य महाविद्यालय की डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. अमर कुमार, डॉ. राणा कुंजर, संतोष भगत एवं शैलेन्द्र शर्मा ने प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज मकरोनिया में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है। दिनांक 24 से 26 मार्च 2026 तक शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट



महाविद्यालय सागर में खिलाड़ी एवं कर्मचारियों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अगली महाविद्यालय की यह अधिकारी कर्मचारी टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन एवं लॉन टेनिस में सहभागिता करेंगे। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष कर्मचारी एवं अधिकारियों को अपने द्वारा निभाए जा रहे दायित्व एवं कर्तव्यों में आनंद देने के लिए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

# फोरलेन 45 भोपाल-जबलपुर मार्ग पर आए दिन हो रहे सड़क हादसे

### वाहनों की टक्कर में दो की मौत, कई लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

फोरलेन 45 भोपाल जबलपुर मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर वाहनों की टक्कर होने से वाहन सवार घायल हो रहे है। बाड़ी के आसपास, भोडिय़ा गांव एवं उदयपुरा के पास पिछले दिनों में अनेक वाहन दुर्घटनाएं हुई। मंगलवार को ग्राम चारगांव के पास कार एवं मोटर साइकल की टक्कर में तीन लोग गंभीर घायल हो गए। भोडिय़ा के पास चार अलग-अलग वाहन दुर्घटनाओं में लोग घायल हुए।

इससे पूर्व उदयपुरा के पास वाहन की टक्कर से एक की मौत हो चुकी है। गाय को बचाने में हुई दुर्घटना में ग्राम बम्होरी भुआंरी के पास एक युवक, एक महिला की मंगलवार को मृत्यु हो गई।

बाड़ी से बरेली, उदयपुरा, देवरी तक फोरलेन 45 पर निरन्तर वाहन दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटनाओं में



लोगों की असमय मौत होने के साथ लोग घायल भी हो रहे है।

फोरलेन मार्ग पर स्थान-स्थान पर मवेशियों का दिन-रात ढेरा बना रहने के साथ क्षतिग्रस्त भी है। फोरलेन डिवाइडर को तोड़ कर अनाधिकृत वाहन क्रासिंग बना दिए है। जहाँ ओवर ब्रिज या अन्डर फास्ट होना चाहिए। उनकी कमी के साथ अनेक स्थानों पर संकेतों की कमी भी वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

### दो की मौत अनेक घायल

चारगांव के पास एक बाइक पर तीन सवार लोगों को कार ने टक्कर मार दी जिससे सुरेन्द्र आदिवासी के पैर में फेक्चर हो गया। उदयपुरा के पास ग्राम बम्होरी, भुआंरी के पास गाय को बचाने में बोरास निवासी ताराबाई उम्र 70 वर्ष की मृत्यु हो गई। दूसरी घटना नवीन तहसील भवन के सामने हुई जिसमें बाइक सवार प्रितुल पटैल उम्र 25 वर्ष की अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत्यु हो गई। मंगलवार को ही बरेली तहसील के ग्राम भोडिय़ा के पास चार अलग-अलग वाहन दुर्घटनाओं में अनेक घायल हुए एक की गंभीर बनी हुई है।

## आज से चैत्र नवरात्रि, 51 खप्पड़ों के साथ मां काली की होगी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

आज से शक्ति की भक्ति आराधना का नवरात्रि पर्व शुरू हो रहा है। खेड़ापति माता मंदिर एवं अन्य देवी मंदिरों में सुबह से मातारानी को जल अर्पण, दर्शन, पूजन के साथ नगर के हजारों देवी भक्तों के दिन की शुरुआत होगी।

शारदीय नवरात्रि में दुर्गा उत्सव समितिओं, देवी भक्तों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर माँ दुर्गा



की प्रतिमाओं की स्थापना कर नवरात्रि पर्व मनाये जाने की दशकों से परंपरा है। चैत्र की नवरात्रि में नगर के ठाकुर कोरीपुरा में माँ काली की 51 खप्पड़ों के साथ प्रतिमा स्थापना वर्षो से की जा रही है।

इस वर्ष नवरात्रि पर्व के दौरान श्री शत चण्डी यज्ञ, मूल पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला बनी रहेगी। देवी माँ के भजन जस के कार्यक्रम होगें। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे महाआरती का आयोजन होगा। नवरात्रि पर्व के समापन 28 मार्च शनिवार का माँ काली की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

नवरात्रि के 9 दिनों तक देवी भक्त, नर-नारियों द्वारा प्रातः खेरापति माता मंदिर, संकट मोचन मंदिर, काली मंदिर थाने के पास और अन्य देवी मंदिरों में प्रातः मुह अंधेरे से जल अर्पण किया जाता है। मंदिरों में देवी भक्तों की सुविधा के लिए जल अर्पण के विशेष इन्तजाम किए गए है।

## अमावस्या पर देवी के भक्तों ने किए नर्मदा मैया में पुण्य स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

◆ ब्राम्हण समाज ने किया पंचाग पूजन



नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने से पूर्व अमावस्या पर नर्मदा भक्तों, देवी भक्तों द्वारा नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाई गई। नर्मदा जल ले कर घर लाया गया। ब्राम्हण समाज के लोगों द्वारा वैदिक एवं सनातन धर्म परंपरा के अनुसार मार्केटिंग सोसाइटी प्रांगण स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में एकत्रित हो कर पंचाग पूजन के साथ नववर्ष फल का पाठ किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र की ख्याति प्राप्त कथा व्यास देवी रत्न मणी द्ववेदी द्वारा सभी उपस्थित ब्राम्हणों को पंचाग वितरित किए गए।

आज से नए विक्रम संवत 2083 का प्रारंभ हो रहा है। पंचाग पूजन कार्यक्रम के दौरान नगर एवं क्षेत्र के विद्वान पण्डितों की उपस्थिति रही। पं. चन्द्रकांत शास्त्री ने नए वर्ष के पंचाग का वर्ष फल जिसमें कृषि, व्यापार, स्वास्थ्य, सामाजिक समरस्ता इत्यादि के संकेत दिए गए। आने वर्ष के शुभमुहुर्त, त्यौहारों एवं कार्यक्रमों की जानकारी और मार्गदर्शन किया गया। पंचाग पूजन की वैदिक सनातन परंपरा पिडिय़ों से बनी हुई है। इस अवसर पर कथा व्यास देवी रत्न मणी द्ववेदी द्वारा पंचाग की महत्व की विस्तार से चर्चा की गई।

### नया हिंदू वर्ष प्रारंभ

19 मार्च से चैत्र की नवरात्रि महापर्व के साथ विक्रम संवत हिन्दु नववर्ष प्रारंभ हो रहा है। सनातनी हिन्दु परिवारों द्वारा गुड़ी पड़वा और नया वर्ष विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाये जाने की परंपरा है। पंचाग पूजन कार्यक्रम में पं. चन्द्रकांत शास्त्री, पं. द्वारका शास्त्री, प्रदीप द्विवेदी, कथा व्यास देवी रत्न मणी द्विवेदी, हिन्दु समिति अध्यक्ष दिनेश बबेले, मनमोहन शर्मा, सुरेश भार्गव, राजेश बबेले, पं. कमल किशोर शर्मा, संजय शर्मा, विपिन व्यास, प्रतीक द्विवेदी, नीरज बिदुआ सहित अन्य ब्राम्हणों की गरिमा उपस्थित रही।

## कच्चा डायर्वसन मार्ग बनाया, उड़ती धूल से राहगीर हो रहे परेशान

### मार्ग से जुड़े हैं क्षेत्र के 40-50 गांव , दिन-रात वाहनों का होता है भारी आवागमन, रहवासी और राहगीर परेशान

# पिपरिया मार्ग पर टूटे पुल, बारिश से पूर्व हो पाएगा नए पुल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

दिसम्बर में बरेली पिपरिया मार्ग पर नयागांव कला ग्राम के पास मछवाई नाले पर बना लगभग 40 वर्षो पुराना पुल मरम्मत कार्य के दौरान बीच में से टूट कर गिर गया। उक्त हादसे में एक युवक की असमय मृत्यु भी हो गई।

टूटे पुल के निचले हिस्से में नाले में पाईप जल कर डायर्वसन विचलन मार्ग का निर्माण आनन फानन में एमपीआरडीसी द्वारा कराया गया। इसी मार्ग से रेत से भरे डम्फर, ट्रेक्टर-ट्रालियां, यात्री बसे और भारी संख्या में दोपहिया, चार पहिया वाहनों का दिन-रात आवागमन हो रहा है।

**उड़ती धूल बनी परेशानी:** बरेली एवं क्षेत्र के निवासियों के लिए सबसे निकटतम रेल्वे स्टेशन पिपरिया है। इस मार्ग से क्षेत्र के 40-50 ग्राम जुड़े हुए है। दिन-रात वाहनों का भारी



आवागमन होता है। कच्चे डायर्वसन मार्ग पर चौबीसों घन्टों उड़ती धूल, एलर्जी और आखों, श्वास में जाने का कारण बन रही है। नयागांव के एक मैरिज गार्डन के पास बनी खनिज जाँच सडक़ पर फैली नर्मदा रेत वाहनों का सन्तुलन बिगड़ते और धूल आखों, श्वांस के माध्यम से फैफड़ों में जाने और एलर्जी होने का कारण बन रही है।

### बारिश से पूर्व हो पुल का निर्माण

बरेली पिपरिया मार्ग पर सबसे अधिक वाहन यातायात रहता है। नये पुल निर्माण के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत होने के बाद मार्च के माह तक नये पुल निर्माण की गति अतियन्त धीमी बनी हुई है। जून में बारिश शुरु हो जाएगी इसके पूर्व दो-ढाई महिने में नये पुल का निर्माण जरूरी है। अन्यथा बारिश में पिपरिया मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद होने की स्थिति बन जाएगी। एमपीआरडीसी के जिम्मेदारों की जिस प्रकार पुल टूटने के कारणों जाँच के मामले में उदासीनता रही उसी प्रकार नये पुल निर्माण में उदासीनता क्षेत्र के निवासियों के लिए भारी परेशानियों का कारण बन सकती है।

# भीषण गर्मी में खरगोन बस स्टैंड पर नहीं छाया पानी की व्यवस्था

### बस स्टैंड पर जन सुविधाओं का अभाव, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

भोपाल जबलपुर फोरलेन 45 पर तहसील के सबसे बड़े ग्राम कस्बा खरगोन व्यापारिक केंद्र के बस स्टैंड पर यात्री जन सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। भीषण तपती दोपहर में छाया, पेयजल और जन सुविधा केंद्र ना होने से यात्री परेशान रहते हैं। बस स्टैंड पर जन सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग हो रही है।

भोपाल से जबलपुर जाने वाली यात्री बसों के साथ सिलवानी, बेगमगंज, रायसेन, पिपरिया, होशंगाबाद की ओर जाने आने वाली यात्री बसें खरगोन बस स्टैंड पर रुख कर यात्रियों को उतारती-बैठाती है। खरगोन कस्बा से आसपास के लगभग 20 ग्राम जुड़े



हुए हैं, आसपास के ग्रामों के बीच प्रमुख शिक्षा और व्यापारिक केंद्र होने से दिनभर छात्र-छात्राओं ग्रामीणों का खरगोन आना-जाना बना रहता है।

जिस भारी संख्या में खरगोन बस स्टैंड से यात्रियों का आना-जाना होता है। धूप गर्मी से बचाव के लिए छाया, पीने के पानी और जन सुविधा की आवश्यकता जरूरी है। ग्राम पंचायत द्वारा पिछले दशकों से की जा रही उपेक्षा से यात्री हैरान-परेशान बने हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा बस स्टैंड पर यात्रियों को सुविधाएं व्यवस्था किए जाने की मांग की जा रही है।

## जिलेभर के देवी मंदिरों में विशेष साज-सज्जा, जगह-जगह होंगे जगराते

# पालकी पर सवार होकर आएंगीं मां दुर्गा, शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित पूरे जिले में आज से आस्था और श्रद्धा के प्रतीक चैत्र नवरात्र का शुभारंभ होने जा रहा है। पहले दिन विधि-विधान के साथ घट स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिरों में सुबह से ही विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और भक्तों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। वहीं चैत्र प्रतिपदा पर हिंदू नववर्ष के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। पंडितों के अनुसार इस वर्ष शुभ योग और मुहूर्त में माता का आगमन हो रहा है, जो सुख-समृद्धि और शांति का संकेत माना जा रहा है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना का विशेष महत्व होता है। इस दिन घरों और मंदिरों में कलश स्थापित कर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक उपवास रखकर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। सुबह के समय शुभ मुहूर्त में घट स्थापना करना अत्यंत फलदायी माना गया है।

### घट स्थापना के शुभ मुहूर्त

- सुबह 6 .43 से 9 .02 बजे तक
- सुबह 10 .00 से दोपहर 1.19 बजे तक।
- दोपहर 3 .02 से शाम 5 .41 बजे तक
- शाम 6 .17 से रात 8 .52 बजे तक

### पार्किंग और सुरक्षा पर ध्यान

हर वर्ष लगने वाली भीड़ और पार्किंग की समस्या को देखते हुए इस बार प्रशासन और मंदिर समितियों ने विशेष इंतजाम किए हैं। काली कंकाली देवी मंदिर गुदावल, नौ देवी मंदिर स्वामी शिवओम आश्रम मुखर्जीनगर माता महाकाली गंजबाजार महामाई मंदिर दशहरे मैदान, हिंगलाज माता मंदिर बाड़ी और हरसिद्धि माता मंदिर परवरिया सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर बैरिकेडिंग कर व्यवस्थित पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

### कलेक्टर-एसपी ने कंकाली मंदिर में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा तथा एसपी आशुतोष गुप्ता ने बुधवार को प्रसिद्ध मां कंकाली मंदिर पहुंचकर नवरात्रि पर्व को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पूर्व उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। कलेक्टर ने एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आगमन-निर्गमन, यातायात व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।



### पालकी में सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

इस नवरात्रि माता भवानी का आगमन पालकी पर होगा, वहीं प्रस्थान माता हाथी होकर करेगीं, जिसे शुभ संकेत माना जाता है। चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न शुभ योग भी बन रहे हैं। पं. रामममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि 19 मार्च को अमावस्या तिथि प्रातः 6.42 बजे तक रहेगी। इसके बाद प्रतिपदा तिथि शुरू होगी और उसी दिन से चैत्र नवरात्रि का आरंभ माना जाएगा। वहीं विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ 20 मार्च शुक्रवार से होगा।

### जिले में स्थित प्रमुख देवी स्थल

जिले के कंकाली देवी मंदिर गुदावल, मां हिंगलाज मंदिर बाड़ी, मां बागराजन मंदिर मुरेलकलां, मां बागराजन मंदिर बड़ौदा, छोले वाली माता खंडेरा, बारह माता मंदिर भगदेई बरेली और हरसिद्धि माता मंदिर परवरिया में विशेष सजावट और व्यवस्थाएं की गई हैं। देवी मंदिर समितियों द्वारा लगातार बैठकें कर आयोजन की रूपरेखा तय की जा रही है। नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और आकर्षक सजावट का काम पूरा कर लिया गया है।

### आज से हिन्दू नववर्ष विक्रम नवसंवत्सर 2083 का शुभारंभ

### चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी, सज गए मंदिर

**बाड़ी।** गुरुवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। पर्व के दौरान होने वाली शक्ति स्वरूपा देवियो की पूजा को लेकर सभी देवी मंदिरों में साज सज्जा व विद्युत रोशनी की तैयारी पूरी की गई है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ हो जाती है।

चैत्र नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना और मंत्रोचार किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि पर देवी दुर्गा पृथ्वी लोक आती है और अपने सभी भक्तों की हर एक मनोकामना को पूर्ण करती हैं।

#### विंध्यवासिनी-हिंगलाज दरबार में रहेंगी भक्तों की भीड़

तीर्थ क्षेत्र विंध्यवासिनी दरवार सिरवारा में नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण। मंदिर समिति चरण सेवक राकेश नाथ ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं पूर्ण की जा रही हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंदिर तक पहुंचने वाली सीढ़ियों पर मैट बिछाई है, वहीं जगह-जगह पेयजल के लिए नल कनेक्शन भी लगाए हैं। इसी के साथ मां हिंगलाज मंदिर सहित नगर के सभी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, नवरात्रों में जहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रातः 3 बजे से माता के दरबार में नतमस्तक होंगे वही प्रदेश के अन्य जिलों से श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए पहुंचेंगे।

### हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की तैयारियां हुईं तेज

**सिलवानी।** नगर में हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से होने जा रहा है। इस अवसर को लेकर पूरे नगर में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है।

- मंदिरों में सजेगा भक्ति का माहौल

विशेष रूप से देवी मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है और धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर के प्रसिद्ध माँ विजयासन मंदिर में नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन पूजन, आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। नवरात्रि के अंतिम दिन माता रानी को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे तथा भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे।

हिंदू नववर्ष के स्वागत के लिए भी विशेष कार्यक्रम तय किए हैं। गुरुवार को वैश्य महा सम्मेलन की जिला इकाई द्वारा नगर में भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। इसके साथ ही बजरंग चौराहा पर लोगों को तिलक लगाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाएगा।

## मामले दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

# दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज



जिले के गैरतगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिछले 24 घंटों में आत्महत्या के दो दुखद मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं में एक युवक और एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम कराया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना ग्राम पटी की है, जहां 35 वर्षीय वीर सिंह विश्वकर्मा पिता नारायण सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। युवक द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम से गांव में शोक का माहौल है।

दूसरी घटना गढ़ी क्षेत्र की इंद्रा कॉलोनी से सामने आई है। यहां रहने वाले 65 वर्षीय करोड़ी लाल जाटव पिता शंकर जाटव ने अपने निवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्रवाई शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गढ़ी चौकी प्रभारी एसआई वीरेन्द्र विश्वकर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों ही प्रकरणों में शवों का पंचनामा बनाकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

#### इनका कहना है

पुलिस ने दोनों घटनाओं में मर्ग दर्ज कर लिया है। आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और हर पहलू से बारीकी से जांच की जा रही है।
- **वीरेंद्र विश्वकर्मा,** चौकी प्रभारी गढ़ी।

## सामाजिक संगठन करेंगे स्वागत

# सरदार एकता रथ यात्रा आज आएगी रायसेन के रतनपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारत के पहले गृह मंत्री और आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता रथ यात्रा गुजरात से प्रारंभ होकर कई प्रदेश व शहरों से होते हुए नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर से रायसेन नगर सीमा में 19 मार्च गुरुवार को दोपहर 3 बजे भोपाल मार्ग स्थित रतनपुर जोड़ पर आएगी। इसके पश्चात भोपाल मार्ग पर अभा कुर्मी क्षत्रिय महासभा रायसेन द्वारा एकता रथ यात्रा का स्वागत एवं स्वल्पाहार का आयोजन रखा गया है। एकता रथ यात्रा में रथ के साथ वल्लभभाई पटेल की स्मृतियां भी विराजमान है जिसमें ओरिजिनल 3 किलो सोने का स्तंभ जिसे रजवाड़े द्वारा उनको इनाम में दिया था वह रथ में बुलेट प्रूफ शीशे के अंदर रखा हुआ है साथ में उनकी चरण पादुका जिसे पटेल साहब पहन के घूमते थे उनके जल का लोटा जिससे वह पानी पिया करते थे विराजमान है।

# सांची के ग्राम सुनारी में जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा और बारिश के पानी को सहेजने के उद्देश्य से जिले में आज गुरुवार से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम सांची जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सुनारी में आज गुरुवार को आयोजित किया है।

अभियान को जन आंदोलन बनाने समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इस अभियान में शासन के 15 से अधिक विभागों के साथ ही जनप्रतिनिधियों और आमजन की भी सहभागिता होगी। जिले में बनाए जलदूतों से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता अभियान में की जायेगी। सफल क्रियान्वयन बनाने जिला व खंड स्तरीय समितियों का गठन किया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की तिथियों का निर्धारण

**रायसेन।** गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आयोजित होने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के लिए तिथियों का निर्धारण किया है। इनमें अक्षय तृतीया 19 अप्रैल, देवउठनी ग्यारस 20 नवंबर, बसंत पंचमी 11 फरवरी 2027 तथा एक अन्य तिथि स्थानीय मांग और कलेक्टर के निर्णय अनुसार निर्धारित की जा सकती है। वर्ष 2026-27 में पक्ष 44 हजार से अधिक विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस पर राज्य सरकार 242 करोड़ से अधिक राशि व्यय करेगी। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाय योजना के प्रभावी व्यवस्थि और गरिमापूर्ण ढंग से आयोजन के लिए विभाग द्वारा सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेने वाले जोड़ों की अधिकतम संख्या 200 तय की गई है।

## तेज रफ्तार और संकरी सड़क बनी हादसे की वजह

# गेहूं से भरा ट्रक पलटा ड्राइवर-क्लीनर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर आए दिन हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। इन हादसों की मुख्य वजह तेज रफ्तार और सड़क का संकरा होना है। ऐसे ही एक मामले में कुल्हाड़िया बिजली घर के सामने बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार विदिशा से इंदौर गेहूं लेकर जा रहा एक ट्रक क्रमांक एमपी 09 एएम 6839 सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक का पहिया सड़क किनारे लगे बिजली के लोहे के खंभों पर चढ़ गया, जिससे टायर फट गया और वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गोलू रैकवार (निवासी विदिशा) और क्लीनर विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 मौके ने पहुंचकर दोनों घायलों को सांची अस्पताल पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए विदिशा रेफर कर दिया। दोनों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर आया है।

#### शीघ्र हो 4 लेन, तब आएगी हादसों में कमी

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को 4 लेन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिलवानी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रस्तुत किया, जिसमें किसानों की प्रमुख मांगों और समस्याओं को विस्तार से रखा गया। ज्ञापन में किसानों ने शासन द्वारा घोषित गेहूं खरीदी दर को लागू करने की मांग की।

किसानों का कहना है कि गेहूं की खरीदी 2700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाए, जिससे उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। वर्तमान परिस्थितियों में बढ़ती लागत के कारण किसानों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

### किसानों ने ऋण वसूली तिथि बढ़ाने और गेहूं की खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने की मांग



इसके अलावा सहकारी समितियों द्वारा ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित होने पर भी किसानों ने आपत्ति जताई। किसानों का कहना है कि अभी उनकी फसल खेतों में खड़ी है, ऐसे में ऋण चुकाना संभव नहीं है। उन्होंने ऋण वसूली की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 मई करने की मांग की है। किसानों ने जिला सहकारी बैंक रायसेन को यूपीआई सुविधा से जोड़ने की भी मांग की, ताकि उपार्जन की राशि का भुगतान डिजिटल माध्यम से आसानी से हो सके और बैंकों में भीड़ कम हो। साथ ही खरीदी केंद्रों पर उपज तोल धर्मकांटे से करने और कटती के नाम पर अतिरिक्त अनाज न लेने की मांग भी रखी गई।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि कुछ किसानों के नाम किसान सम्मान निधि योजना से हटा दिए गए हैं, जिन्हें पुनः जोड़ा जाए। किसान संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन से शीघ्र उचित कार्रवाई की अपेक्षा की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# गर्मी बढ़ते ही गहराया जल संकट



### कई गांवों में पानी के लिए जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

जैसे-जैसे गर्मी का असर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे क्षेत्र के आसपास के गांवों में जल संकट गहराता जा रहा है। अधिकांश गांवों में नल-जल योजना के तहत ट्यूबवेल के जरिए पानी सप्लाई किया जाता है, लेकिन जलस्तर गिरने से व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत अंबाडी के गांव बांसिया में हालात गंभीर बने हुए हैं। यहां ट्यूबवेल से सीधे घरों तक पानी पहुंचता है, लेकिन जलस्तर नीचे जाने के कारण अब ज्यादातर घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

इस समस्या को लेकर गांव की महिलाओं ने जनसुनवाई में आवेदन दिया था आवेदन दिए हुए 10 दिन से ज्यादा समय हो गया लेकिन समस्या का हल अभी तक नहीं निकला है।

फूलबाई, कलाबाई, कुसुम बाई, हल्की बाई वैजयंती बाई आदि महिलाओं का कहना है कि उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे पूरा दिन पानी भरने में ही निकल जाता है और घर के अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं।

दीवानगंज के पास बालमपुर में भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। यहां हेडपंप पर बड़ी संख्या में महिलाएं बर्तन लेकर लाइन में खड़ी नजर आ रही हैं, जिससे पानी के लिए संघर्ष साफ देखा जा सकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि आने वाले दिनों में कई अन्य गांवों में भी यही स्थिति बनने की आशंका है।

## आत्म साधना व शुद्ध भावों से ही बदलती है जीवन की दिशाः शांतानंदजी

# तारण तरण जैन चैत्यालय में गूंजे अध्यात्म के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में इन दिनों आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। बाल ब्रह्मचारी शांतानंदजी के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह और रात्रि में आयोजित प्रवचनों का समाजजन रसास्वादन कर रहे हैं। उनकी अमृतमयी वाणी सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं और कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक सहभागिता निभा रहे हैं।

बुधवार को आयोजित धर्मसभा में बाल ब्रह्मचारी शांतानंदजी ने महान आध्यात्मिक संत श्री तारण तरण मंडलाचार्य महाराज द्वारा रचित ग्रंथों के गूढ़ रहस्यों को सरल और सहज भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी आध्यात्मिक सत्य को जानने के लिए अनुभव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब तक व्यक्ति स्वयं अनुभव नहीं करता, तब तक वह ज्ञाता- दृष्टा नहीं बन सकता।

उन्होंने आत्म साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदलने की क्षमता रखती है। वर्तमान समय में जीव अज्ञानता में जीवन जी रहा है और जीवन-मृत्यु के वास्तविक सत्य को समझ नहीं पा रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मा का हित सांसारिक कार्यों में नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और साधना में निहित है।



### ठहराव व्यक्ति को आत्मबोध की ओर ले जाता है

बाल ब्रह्मचारी शांतानंदजी ने कहा कि आज का मनुष्य धन, दौलत, नाम, प्रसिद्धि, यश और कीर्ति के पीछे भागते हुए अपने वास्तविक लक्ष्य से भटक गया है। इस भागदौड़ में वह अपने भीतर के स्थिरता और शांति को खो बैठा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में ठहराव अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही ठहराव व्यक्ति को आत्मबोध की ओर ले जाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति को अपने भावों में शुद्धता बनाए रखनी चाहिए। कर्कश वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिए और सदैव मधुर व हितकारी वाणी का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दिखावे के जीवन से व्यक्ति के स्वभाव में कठोरता आ जाती हैए जो उसके आध्यात्मिक विकास में बाधा बनती है।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान चैत्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और एकाग्रता के साथ प्रवचन सुने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आध्यात्मिक प्रवचन समाज के लिए मार्गदर्शक बन रहे हैं और लोगों को आत्मचिंतन व सच्चे धर्म की ओर प्रेरित कर रहे हैं।